सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

9वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज ,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२६-२७

कक्षा:चार **विषय:हिंदी व्याकरण** **पाठ : क्रिया**

परिभाषा: जिन शब्दों से किसी काम के करने या होने का बोध हो, उन्हें क्रिया कहते हैं।

जैसे: जाना, गाना ,लिखना ,देखना, दौड़ना, खेलना, खाना, उड़ना आदि।

क्रिया के भेद: क्रिया के दो भेद होते हैं।

१)सकर्मक क्रिया

२)अकर्मक क्रिया

***सकर्मक क्रिया:**

उदाहरण:- क) मोनिका केला खाती है।

ख) राजीव पत्र लिखता है।

ग) बच्चे टीवी देख रहे हैं।

*** अकर्मक क्रिया:**

उदाहरण:- क) बालक हँसता है।

ख) घोड़ा दौड़ता है।

ग) अर्पिता खेल रही है।

सकर्मक और अकर्मक क्रिया की पहचान: यदि क्रिया के साथ 'क्या' , 'किससे' 'किसको' लगाकर प्रश्न करने से कोई उत्तर मिल जाता है तो वाक्य में सकर्मक क्रिया होती है और यदि उत्तर नहीं मिलता तो वाक्य में अकर्मक क्रिया होती है।

अभ्यास 1

निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्द पहचान कर उनके भेद लिखिए।

१. मुदिता दौड़ रही है। (अकर्मक क्रिया)
२. रोहन ने पत्र लिखा। (सकर्मक क्रिया)
३. अनमोल क्रिकेट खेल रहा है। (सकर्मक क्रिया)
४. घोड़ा तेज़ दौड़ता है। (अकर्मक क्रिया)
५. माली ने पौधों को सींचा। (सकर्मक क्रिया)
६. अध्यापिका पाठ पढ़ा रही हैं। (सकर्मक क्रिया)
७. मैं कक्षा चार में पढ़ता हूँ। (अकर्मक क्रिया)
८. राधा को पुरस्कार मिलेगा । (सकर्मक क्रिया)
९. वेदांत ने कपड़े खरीदे। (सकर्मक क्रिया)
१०.मैंने पानी से गिलास भरा। (सकर्मक क्रिया)
११.किसान खेतों में फसल उगाता है। (सकर्मक क्रिया)
१२.पक्षी उड़ गए। (अकर्मक क्रिया)

क्रिया अभ्यास 2

निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्द पहचान कर उनके भेद लिखिए।

1) वह समुद्र के किनारे टहल रहा है।
2) वीर सिपाही देश की रक्षा करते हैं।
3) छोटा बच्चा रोता है।
4) गुरप्रीत ने पुस्तक पढ़ी।
5) लड़कियाँ दौड़ रही है।
6) सभा में सभी विद्वान बैठे हैं।
7) नेहा बाज़ार जाएगी।
8) मोर नाचता है।
9) राम ने दीपावली पर निबंध लिखा।
10) बच्चे खाना खा चुके हैं।